# ११. प्राचीन भारत और विश्व

**११.१ भारत और पश्चिमी देश ।**

**११.२ भारत और एशिया महाद्वीप के अन्य देश**

## ११.१ भारत और पश्चिमी देश

हड़प्पा संस्कृति के लोगों ने पश्चिमी देशों के साथ व्यापारिक संबंध प्रस्थापित किए थे । तभी से भारत का बाहरी विश्व से आर्थिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान प्रारंभ हुआ । बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार अफगानिस्तान और मध्य एशिया के अनेक देशों में हुआ था । ईरानी साम्राज्य के कालखंड में भी भारत का पश्चिमी विश्व से संपर्क बढ़ने लगा । उस समय के यूनानी इतिहासकारों की भारत के प्रति जिज्ञासा बढ़ गई थी । भारत के विषय में उन्होंने जो लेखन किया; उसके द्वारा पश्चिमी देशों को भारत का परिचय हुआ । कालांतर में जिस मार्ग से सिकंदर भारत आया; वे मार्ग भारत और पश्चिमी देशों के व्यापार के लिए खुल गए । कुषाणों के कार्यकाल में ग्रीक मूर्तिकला के प्रभाव से भारत में एक नई कलाशैली का उदय हुआ । उसे गांधार शैली कहते हैं । गांधार शैली में मुख्य रूप से गौतम बुद्ध की मूर्तियाँ गढ़ी गईं । ये मूर्तियाँ प्रमुखत: अफगानिस्तान के गांधार प्रदेश में पाई गईं । अत: इस शैली को 'गांधार शैली' कहते हैं । इस शैली की मूर्तियों के चेहरों के आकार-प्रकार यूनानी चेहरों से मिलते-जुलते हैं । भारत में प्रारंभिक सिक्के भी यूनानी सिक्कों के आधार पर ढाले गए थे ।



**पेरिस के संग्रहायल में गौतमबुद्ध की प्रतिमा – गांधार शैली**

ई. स. पहली-दूसरी शताब्दी के कालखंड में




**अफगानिस्तान के हड्डा में स्तूप पर गांधार शैली का शिल्प । यूनानी लोगों की वेशभूषा, एंफोरा (एक प्रकार का कुंभ) और वाद्य**

भारत और रोम के बीच का व्यापार समृद्ध हुआ था । इस व्यापार में दक्षिण भारत के बंदरगाहों का बहुत बड़ा योगदान था । महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हुए उत्खनन में कांस्य धातु से बनी कुछ वस्तुएँ पाई गईं । वे वस्तुएँ रोमन बनावट की हैं। तमिलनाडु के अरिकामेडु नामक स्थान पर हुए उत्खनन में भी रोमन



**अरिकामेडु में पाया गया रोमन सम्राट ऑगस्टस का सोने का सिक्का**

बनावट की अनेक वस्तुएँ पाई गईं । ये दोनों स्थान भारत और रोम के बीच महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र थे । तत्कालीन साहित्य में ऐसे अनेक व्यापारिक




केंद्रों का उल्लेख प्राप्त होता है । इस व्यापार में इजिप्त के अलेक्जांड्रिया नामक बंदरगाह का बहुत बड़ा महत्त्व था । अरब व्यापारी भारतीय माल को अलेक्जांड्रिया तक ले जाते थे । वहाँ से वह माल यूरोप के देशों में भेजा जाता था । अरब लोगों ने भारतीय वस्तुओं के साथ भारतीय दर्शन और विज्ञान को भी यूरोप तक पहुँचाया । गणित की 'शून्य' की संकल्पना भारत का विश्व को दिया हुआ एक वरदान ही है । अरब लोगों ने इस संकल्पना का परिचय पश्चिमी यूरोप से कराया ।

## ११.२ भारत और एशिया महाद्वीप के अन्य देश

एशिया के अनेक देशों पर प्राचीन भारतीय संस्कृति का विशेष रूप से प्रभाव पड़ा ।

**श्रीलंका :** बौद्ध धर्म का प्रसार करने के लिए सम्राट अशोक ने अपने बेटे महेंद्र तथा अपनी बेटी



सिगिरिया गुफाओं में भित्तिचित्र

संघमित्रा को श्रीलंका भेजा था । इन दोनों के नामों का उल्लेख श्रीलंका के बौद्ध ग्रंथ 'महावंस' में मिलता है । संघमित्रा अपने साथ बोधिवृक्ष की टहनी ले गई थी । श्रीलंका के अनुराधपुर में बोधिवृक्षँ है और वहाँ की परंपरा के अनुसार यह माना जाता है कि वह बोधिवृक्ष इसी टहनी से बड़ा हुआ है ।

श्रीलंका के मोती तथा अन्य मूल्यवान वस्तुओं की भारत में बड़ी मात्रा में माँग थी । वहाँ के सिगिरिया नामक स्थान पर ईसा पाँचवीं शताब्दी में कश्यप राजा ने गुफाएँ खुदवाई थीं । उन गुफाओं के भित्तिचित्रों की शैली अजिंठा की चित्रशैली के साथ साम्य दर्शाती है । श्रीलंका के 'महावंस' और 'दीपवंस' ग्रंथ भारत और श्रीलंका के बीच के पारस्परिक संबंधों की जानकारी देते हैं । ये ग्रंथ पाली भाषा में लिखे गए हैं ।

**चीन और अन्य देश :** प्राचीन समय से भारत और चीन के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध प्रस्थापित हुए थे । सम्राट हर्षवर्धन ने चीन के दरबार में अपना राजदूत भेजा था । चीन में तैयार होनेवाले रेशमी वस्त्र को भारत में 'चीनांशुक' कहते थे । भारत में चीनांशुक की बड़ी माँग थी । प्राचीन भारत के व्यापारी यह चीनांशुक पश्चिमी देशों में भेजते थे । यह व्यापार सड़क मार्ग से होता है । इस मार्ग को 'रेशम मार्ग' भी कहते हैं । भारत के कुछ प्राचीन स्थान इस रेशम मार्ग से जोड़े गए थे । उनमें महाराष्ट्र के मुंबई समीप का नाला-सोपारा एक स्थान था । भारत में बौद्ध भिक्खु फाहियान और युआन श्वांग भी रेशम मार्ग से ही आए थे ।

ई. स. प्रथम शताब्दी का चीनी सम्राट 'मिंग' के आमंत्रण पर बौद्ध भिक्खु धर्मरक्षक और कश्यपमातंग चीन गए थे । उन्होंने अनेक भारतीय बौद्ध ग्रंथों का चीनी भाषा में अनुवाद किया । उसके पश्चात चीन में बौद्ध धर्म के प्रसार हेतु प्रोत्साहन मिला । बौद्ध धर्म जापान, कोरिया और विएतनाम देशों में भी पहुँचा ।

**दक्षिण- पूर्व एशिया के देश :** कंबोडिया देश के प्राचीन राज्य 'फुनान' की स्थापना ई. स. प्रथम शताब्दी में हुई । चीनी परंपरा के आधार पर यह जानकारी प्राप्त होती है कि फुनान की स्थापना कौंडिण्य नामक भारतीय ने की । फुनान के निवासियों को संस्कृत भाषा का ज्ञान था। उस कालखंड का एक उकेरा हुआ शिलालेख उपलब्ध है । यह शिलालेख संस्कृत में है । दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों में भी भारतीय वंश के लोगों के छोटे राज्य उदित हुए थे । इन राज्यों के कारण भारतीय संस्कृति का प्रसार दक्षिण-पूर्व एशिया में होता रहा ।

दक्षिण-पूर्व एशिया की कला और उसके सांस्कृतिक जीवन पर भारतीय संस्कृति का प्रभाव दिखाई देता है । इंडोनेशिया में आज भी रामायण और महाभारत की कथाओं पर आधारित नृत्य एवं नाट्य लोकप्रिय हैं । दक्षिण-पूर्व एशियाई राज्यों में भारतीय संस्कृति का प्रभाव उत्तरोत्तर बढ़ता गया । प्राचीन समय में बौद्ध धर्म म्यानमार, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों में पहुँच गया । कालांतर में शिव और विष्णु के मंदिरों का भी निर्माण हुआ ।

इस वर्ष हमने ईसा पूर्व ३००० से ई. स. आठवीं शताब्दी तक के भारतीय इतिहास की जानकारी प्राप्त की । अगले वर्ष हम ई. स. नौवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी तक के इतिहास का अध्ययन करेंगे । ई. स. नौवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी के कालखंड के इतिहास को 'मध्ययुगीन इतिहास' कहते हैं ।

## स्वाध्याय

**१. पहचानो तो ।**

(१) वह स्थान; जहाँ रोमन बनावट की वस्तुएँ पाई गईं।

(२) कुषाण कार्यकाल में भारत में एक नई कलाशैली का उदय हुआ; वह शैली ।

(३) महावंस और दीपवंस ग्रंथों की भाषा

(४) प्राचीन समय के वे देश; जहाँ बौद्‌ध धर्म का प्रसार हुआ ।

**२. विचार करो और लिखो :**

(१) दक्षिण-पूर्व एशिया पर भारतीय संस्कृति का प्रभाव दिखाई देता है ।

(२) चीन में बौद्‌ध धर्म के प्रसार हेतु प्रोत्साहन मिला ।

**३. तुम क्या करोगे ?**

तुम्हारी पसंद की रुचि को प्रोत्साहन मिला तो तुम क्या करोगे ?

**४. चित्र का वर्णन करो :**

हमारे पाठ में दिए गए अफगानिस्तान के हड्डा में स्तूप पर अंकित गांधार शैली के शिल्पों का निरीक्षण करो और चित्र का वर्णन करो ।

**५. अधिक जानकारी प्राप्त करो :**

(१) गांधार शैली (२) रेशम मार्ग

**६. पाठ में उल्लिखित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को मानचित्र प्रारूप में दर्शाओ ।**

**उपक्रम :**

जो कला तुम्हें अच्छी लगी होगी; उस कला के विषय में जानकारी प्राप्त करो और उसको कक्षा में प्रस्तुत करो ।

* * *

6ZGL8G